कार्यालय सहायक निदेशक निर्माण एवं संयंत्र (विद्युत)

गो0 ब0 पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर– 263145 जिला–ऊधम सिंह नगर

पत्रांक : स0नि0वि0 / **450** दिनांक : **06.06.2023**

निविदा सूचना

इस विश्वविद्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों एवं राजकीय निर्माण एजेंसियों / उत्तराखण्ड शासन द्वारा नामित कार्यदायी संस्था में पंजीकृत तथा 'अ' श्रेणी विद्युत लाइसेन्स धारक ठेकेदारों / फर्मों से निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 04.07.2023 के 5.00 बजे अपराहन् तक प्राप्त / खरीदे जा सकते हैं और वे दिनांक 05.07.2023 को 3.00 बजे अपराहन् तक **विश्वविद्यालय के सुरक्षा विभाग में पंजीकृत डाक द्वारा अथवा सुरक्षा विभाग में रखी निविदा पेटिका** में प्राप्त कर 3.30 बजे अपराहन् में निदेशक निर्माण एवं संयंत्र के कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ रू0 100.00 (एक सौ रूपये मात्र) के नॉन जूडिसियल स्टाम्प पेपर पर निर्धारित शपथ पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। पूर्ण धरोहर राशि प्रतिभूतियों के रूप में, जो नियंत्रक गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौधोगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के नाम देय हो अथवा नगद जमा प्रपत्र मुहरबंद लिफाफे में निविदा के साथ प्रथक रूप से संलग्न करनी होगी। बिना धरोहर राशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। शर्तों के अनुरूप न होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

अधोहस्ताक्षरकर्ता को किसी या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा। निविदा की वैधता अवधि चार मास होगी।

अनुबंध करते समय स्टाम्प ड्यूटी राज्य सरकार के आदेशानुसार देय होगी। कार्य अनुबन्ध से पूर्व फर्म / ठेकेदार को कार्य की अनुमानित लागत पर नियमानुसार परफोरमेंस सिक्योरिटी जमा करनी होगी तथा प्रत्येक देयक से 01 प्रतिशत लेबर सेस की कटौती भी की जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत `	धरोहर राशि `	निविदा प्रपत्र का मूल्य `	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Providing LT Line & Installation of 150 KVA Al. wound Transformer at Matkota Farm Area.	11,73,200.00	23,464.00	1000.00 + GST 18%	60 Days

सहायक निदेशक नि0 एवं सं0 (विद्युत)
गो0ब0पंत कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय, पंतनगर (ऊधमसिंहनगर)

प्रतिलिपिः

1. सभी कार्यरत ठेकेदारों / फर्म / विभिन्न सूचना बोर्ड पर सभी ठेकेदारों को सूचनार्थ।
2. निदेशक निर्माण एवं संयंत्र।
3. उपनिदेशक नि. एवं सं. (विद्युत)।
4. नियंत्रक अथवा नामित प्रतिनिधि।
5. नोटिस बोर्ड।
6. सुरक्षा अधिकारी।
7. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट, प्रौद्योगिकी महाविद्यालय को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त निविदा सूचना का वि. वि. की वैवसाइट पर भी व्यापक प्रसारण कराने की कृपा करें।